रामायणम्, 24 जुलाई को होगा वैश्विक ट्रेलर प्रीमियर

नमित मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायणम्' ने भारत से विश्व तक की अपनी यात्रा का औपचारिक शुभारंभ कर दिया है. 24 जुलाई को होने वाले इसके वैश्विक ट्रेलर प्रीमियर से पहले निर्माताओं ने नई दिल्ली में फिल्म की पहली विशेष झलक प्रस्तुत की.

'प्रथम संकल्प' नामक इस विशेष आयोजन के माध्यम से फिल्म की वैश्विक यात्रा की शुरुआत की गई. भारतीय परंपरा में संकल्प किसी महान कार्य की शुरुआत से पहले ली जाने वाली प्रतिबद्धता का प्रतीक माना जाता है. निर्माताओं ने इसे भारत की महान सांस्कृतिक धरोहर रामायण को प्रामाणिकता, श्रद्धा और विश्वस्तरीय सिनेमाई प्रस्तुति के साथ दुनिया तक पहुंचाने की सामूहिक प्रतिबद्धता बताया.

इस अवसर पर फिल्म के निर्देशक नितेश तिवारी, निर्माता एवं क्रिएटिव आर्किटेक्ट नमित मल्होत्रा तथा फिल्म की प्रमुख स्टारकास्ट मौजूद रही. समारोह में अरुण गोविल (राजा दशरथ), शोभना (कैकेयी), अजिंक्य देव (महर्षि विश्वामित्र), कुणाल कपूर (देवराज इंद्र), रकुल प्रीत सिंह (शूर्पणखा) और रवि दुबे (लक्ष्मण) ने भाग लिया.

फिल्म में रणबीर कपूर भगवान श्रीराम, साई पल्लवी माता सीता और यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं. वहीं अभिनेता सनी देओल की सरप्राइज उपस्थिति ने समारोह को और खास बना दिया. सनी देओल फिल्म में भगवान हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं.

आयोजन के दौरान फिल्म के आधिकारिक ट्रेलर की विशेष झलक भी दिखाई गई, जिसका विश्वव्यापी प्रीमियर 24 जुलाई को होगा. इसके साथ ही देशभर में आयोजित रामायण स्कूल्स प्रोग्राम के तहत 500 से अधिक स्कूलों और लाखों बच्चों की भागीदारी को भी रेखांकित किया गया. कार्यक्रम के चुनिंदा विजेताओं को 'प्रथम संकल्प' समारोह में शामिल होने का अवसर मिला.

काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की 'द इंडिया स्टोरी' का ट्रेलर रिलीज

काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अभिनीत फिल्म 'द इंडिया स्टोरी: स्लो पॉइज़न इन प्रोग्रेस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है.यह फिल्म कीटनाशक आधारित खेती और उसके समाज पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाती है. ज़ी स्टूडियोज़ और एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म के ट्रेलर में एक रोमांचक कहानी के माध्यम से उन सच्चाइयों को उजागर किया गया है, जो करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित करती हैं. ट्रेलर दमदार ड्रामा, प्रभावशाली अभिनय और सामाजिक संदेश से भरपूर है तथा साहस, न्याय और संघर्ष की प्रेरणादायक कहानी की झलक पेश करता है.

नेशनल अवॉर्ड जीतने के बाद फिर चर्चा में आई 'श्रीकांत'

कितने करोड़ में बनी और बॉक्स ऑफिस पर कितना कमाया

72 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में राजकुमार राव अभिनीत फिल्म 'श्रीकांत' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म का पुरस्कार मिलने के बाद यह फिल्म एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गई है. निर्देशक तुषार हीरानंदानी की यह प्रेरणादायक बायोपिक केवल अपनी कहानी और अभिनय के लिए ही नहीं, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर अपने संतुलित प्रदर्शन के लिए भी सराही गई. सीमित बजट में बनी इस फिल्म ने अपनी लागत वसूलते हुए सफल फिल्मों की सूची में जगह बनाई और दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों का भी दिल जीत लिया.

'श्रीकांत' देश के प्रसिद्ध उद्योगपति श्रीकांत बोला के संघर्ष और सफलता की सच्ची कहानी पर आधारित है. जन्म से दृष्टिबाधित होने के बावजूद उन्होंने समाज की चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त की और बाद में बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना कर देश के सफल उद्यमियों में अपनी अलग पहचान बनाई. फिल्म में उनके जीवन के संघर्ष, आत्मविश्वास और कभी हार न मानने वाले जज्बे को बेहद संवेदनशील और प्रभावशाली ढंग से पर्दे पर उतारा गया है.

फिल्म में राजकुमार राव ने श्रीकांत बोला के किरदार को जिस सहजता और गहराई से निभाया, उसकी दर्शकों और फिल्म समीक्षकों ने जमकर तारीफ की. उनके अभिनय को फिल्म की सबसे बड़ी ताकत माना गया. राजकुमार के अलावा ज्योतिका, अलाया एफ और शरद केलकर ने भी अपने-अपने किरदारों में प्रभावशाली अभिनय किया, जिससे फिल्म की कहानी और अधिक मजबूत बनकर सामने आई.

यदि फिल्म के कारोबार की बात करें तो 'श्रीकांत' का निर्माण लगभग 40 से 50 करोड़ रुपये के बजट में किया गया था. बॉक्स ऑफिस ट्रैकिंग वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब 48 करोड़ रुपये (नेट) का कारोबार किया, जबकि इसका दुनियाभर का कुल कलेक्शन 60.59 करोड़ रुपये रहा. सीमित बजट और गंभीर विषय होने के बावजूद फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन किया.

कैटरीना के सामने डायलॉग भूल गए थे नवाजुद्दीन सिद्दीकी

न्यूयॉर्क की शूटिंग का दिलचस्प किस्सा साझा करते हुए अभिनेता ने कहा- सीन में हुई गलती ही किरदार की सबसे बड़ी ताकत बन गई

अभिनय की दुनिया में अक्सर कलाकार अपने संवादों को पूरी तरह याद रखने और हर सीन को परफेक्ट बनाने की कोशिश करते हैं, लेकिन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी का मानना है कि कई बार छोटी-छोटी गलतियां ही किसी किरदार को सबसे ज्यादा वास्तविक और प्रभावशाली बना देती हैं. हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी चर्चित फिल्म 'न्यूयॉर्क' (2009) की शूटिंग से जुड़ा एक ऐसा किस्सा साझा किया, जिसने यह साबित कर दिया कि अभिनय केवल संवाद याद रखने का नाम नहीं, बल्कि भावनाओं को सच्चाई के साथ जीने की कला भी है.नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि फिल्म 'न्यूयॉर्क' में उनका एक अहम इंटरव्यू सीन अभिनेत्री कैटरीना कैफ के साथ शूट होना था. इस दृश्य में कैटरीना उनके किरदार का इंटरव्यू ले रही थीं और उनके हिस्से में करीब चार से पांच पन्नों के लंबे संवाद थे. उन्होंने इन डायलॉग्स को शब्दश: याद करने की बजाय पूरे दृश्य और उसके भाव को समझने पर ज्यादा ध्यान दिया. उनका मानना था कि यदि कलाकार किरदार को महसूस कर ले, तो संवाद स्वाभाविक रूप से सामने आ जाते हैं.हालांकि, कैमरा शुरू होते ही सब कुछ योजना के मुताबिक नहीं हुआ. जैसे ही उन्होंने बोलना शुरू किया, वे अचानक अपने संवादों में अटक गए और कुछ पल के लिए डायलॉग भूल बैठे. आमतौर पर ऐसी स्थिति में कलाकार दोबारा टेक लेने की मांग करते हैं, लेकिन इस बार जो हुआ, उसने पूरे सीन को और अधिक जीवंत बना दिया.

टेलीविजन

रोशन-सोढ़ी की नोकझोंक से हंगामा

लोकप्रिय कॉमेडी धारावाहिक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के 19 मई 2026 के एपिसोड में दर्शकों को हंसी और ड्रामे का भरपूर तड़का देखने को मिला. इस बार कहानी का केंद्र रोशन और सोढ़ी का रिश्ता रहा, जहां पैसों से जुड़ा एक मुद्दा दोनों के बीच तकरार की वजह बन जाता है. छोटी-सी बात धीरे-धीरे इतनी बढ़ जाती है कि इसका असर गोकुलधाम सोसाइटी के अन्य परिवारों पर भी दिखाई देने लगता है.

एपिसोड में दिखाया गया कि आर्थिक मामलों को लेकर रोशन काफी परेशान और तनाव में नजर आती हैं. उनकी चिंता को देखकर सोढ़ी उनसे बातचीत करने की कोशिश करते हैं, लेकिन हालात संभलने की बजाय और बिगड़ जाते हैं. दोनों के बीच शुरू हुई बहस जल्द ही मजेदार नोकझोंक में बदल जाती है, जिससे दर्शकों को कई हास्यपूर्ण पल देखने को मिलते हैं.

प्रेम ने अनुपमा का तोड़ा भरोसा

लोकप्रिय टीवी धारावाहिक 'अनुपमा' के 19 मई 2026 के एपिसोड में दर्शकों को भावनाओं से भर देने वाला हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला. इस बार कहानी में ऐसा बड़ा मोड़ आया, जिसने अनुपमा की जिंदगी को एक बार फिर मुश्किलों से भर दिया. जिन रिश्तों पर वह सबसे ज्यादा भरोसा करती थीं, वही रिश्ते उनके लिए दर्द और विश्वासघात की वजह बनते नजर आए. सबसे बड़ा झटका तब लगा, जब प्रेम ने गलतफहमियों के चलते अनुपमा के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया.

एपिसोड में दिखाया गया कि कुछ परिस्थितियां और गलतफहमियां प्रेम को इस कदर प्रभावित कर देती हैं कि वह अनुपमा पर गंभीर आरोप लगाने लगता है. इतना ही नहीं, वह सबके सामने अनुपमा को कटघरे में खड़ा करते हुए सच्चाई उजागर करने की बात कहता है. प्रेम का यह बदला हुआ व्यवहार अनुपमा के लिए बेहद पीड़ादायक साबित होता है. जिस व्यक्ति से उन्हें समझ और साथ की उम्मीद थी, उसी के आरोपों ने उन्हें भावनात्मक रूप से तोड़ दिया.

40 की उम्र में भी फिट और ग्लोइंग हैं दीपिका

संतुलित डाइट और नियमित वर्कआउट है खूबसूरती का राज

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण 40 वर्ष की हो चुकी हैं, लेकिन उनकी फिटनेस, दमकती त्वचा और ऊर्जा आज भी लोगों को प्रेरित करती है. उनकी हेल्दी लाइफस्टाइल का सबसे बड़ा राज संतुलित खानपान, नियमित व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना है. यही वजह है कि वह बढ़ती उम्र के बावजूद पूरी तरह फिट और आत्मविश्वास से भरपूर नजर आती हैं.

दीपिका अपने दिन की शुरुआत पौष्टिक साउथ इंडियन नाश्ते से करती हैं. उन्हें उपमा, इडली और डोसा जैसे पारंपरिक व्यंजन पसंद हैं. प्रोटीन की जरूरत पूरी करने के लिए वह अंडे का सफेद हिस्सा और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर भोजन भी अपने नाश्ते में शामिल करती हैं. वह दिनभर थोड़ा-थोड़ा करके कई बार भोजन करना पसंद करती हैं, जिससे शरीर को लगातार ऊर्जा मिलती रहती है. दोपहर के भोजन में दीपिका दाल, रोटी और मौसमी सब्जियों को प्राथमिकता देती हैं. वहीं, ग्रिल्ड फिश उनके पसंदीदा व्यंजनों में शामिल है. रात के खाने में वह हल्का भोजन करती हैं, जिसमें सूप और रसम-चावल जैसे विकल्प शामिल रहते हैं. जंक फूड से दूरी बनाकर रखना भी उनकी स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है. फिटनेस के लिए दीपिका नियमित रूप से कार्डियो, पिलाटीज और स्ट्रेंथ एक्सरसाइज करती हैं, जिससे उनका शरीर चुस्त और सुडौल बना रहता है. इसके साथ ही वह योग और मेडिटेशन को भी अपनी दिनचर्या का हिस्सा मानती हैं.

'रणबीर ने जादू कर दिया, साई की आंखें ही सब कह देती हैं

नितेश तिवारी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' के 'प्रथम संकल्प' इवेंट में रावण का किरदार निभा रहे यश ने सह-कलाकार रणबीर कपूर और साई पल्लवी की जमकर तारीफ की. यश ने कहा कि रणबीर ने भगवान राम के किरदार के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया है और उनकी परफॉर्मेंस दर्शकों को हैरान कर देगी. वहीं, सीता के रोल में साई पल्लवी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी आंखें ही सब कुछ बयां कर देती हैं. यश ने यह भी दावा किया कि फिल्म में कई बड़े सरप्राइज देखने को मिलेंगे, जो दर्शकों के लिए यादगार अनुभव साबित होंगे. फिल्म का पहला भाग इस साल दिवाली पर और दूसरा भाग अगले साल रिलीज किया जाएगा.

यंग इंडिया

नील कमल हाई स्कूल में शिक्षकों और गैर-शिक्षकीय स्टाफ की भर्ती

निजी स्कूलों में शिक्षण कार्य करने के इच्छुक युवाओं के लिए रोजगार का अच्छा अवसर सामने आया है. नील कमल हाई स्कूल, थाथर, बंटालाब (जम्मू) ने नए शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए शिक्षकीय और गैर-शिक्षकीय स्टाफ के विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है. स्कूल प्रबंधन ने योग्य एवं अनुभवी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं. इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं. स्कूल ने स्पष्ट किया है कि चयन प्रक्रिया में अनुभवी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी.

भर्ती के तहत टीजीटी (गणित), पीआरटी, किंडरगार्टन टीचर, फ्रेंच टीचर, रिसेप्शनिस्ट तथा फिजिकल इंस्ट्रक्टर के पदों को भरा जाएगा. प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की गई है. टीजीटी (गणित) के लिए अभ्यर्थी के पास एमएससी (गणित) और बीएड होना आवश्यक है, जबकि पीआरटी पद के लिए बीए या बीएससी के साथ बीएड अनिवार्य रखा गया है. किंडरगार्टन शिक्षक के पद के लिए उम्मीदवार के पास बीए या बीएससी के साथ एनटीटी (नर्सरी टीचर ट्रेनिंग) की योग्यता होनी चाहिए. वहीं फ्रेंच शिक्षक के लिए फ्रेंच भाषा में स्नातक या डीईएलएफ अथवा समकक्ष योग्यता रखने वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं. रिसेप्शनिस्ट पद के लिए स्नातक के साथ अच्छी संवाद क्षमता और कंप्यूटर संचालन का ज्ञान आवश्यक होगा. फिजिकल इंस्ट्रक्टर के लिए एमपीएड या बीपीएड की डिग्री अनिवार्य है.

स्कूल प्रबंधन का कहना है कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योग्य और समर्पित शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है. ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें शिक्षण कार्य का अनुभव है और जो आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से परिचित हैं, उन्हें चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाएगी.

रिसेप्शनिस्ट पद के लिए ऐसे उम्मीदवारों को वरीयता मिलेगी, जिनकी अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं पर अच्छी पकड़ हो तथा वे अभिभावकों और विद्यार्थियों से प्रभावी संवाद स्थापित कर सकें.

रॉकलैंड डिस्टिलरीज में केमिस्ट पद पर भर्ती

अल्कोहल टेक्नोलॉजी योग्यता वाले उम्मीदवारों से मांगे आवेदन

जम्मू-कश्मीर के तकनीकी और विज्ञान विषयों से जुड़े युवाओं के लिए रोजगार का एक और अवसर सामने आया है. रॉकलैंड डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड, बाड़ी ब्राह्मणा (सांबा) ने केमिस्ट पद पर भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं.

कंपनी ने ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए आमंत्रित किया है, जिनके पास अल्कोहल टेक्नोलॉजी में डिग्री या डिप्लोमा हो. इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा कंपनी के ईमेल पर भेज सकते हैं या दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं कंपनी के अनुसार चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति उत्पादन इकाई में की जाएगी, जहां उन्हें गुणवत्ता नियंत्रण, रासायनिक परीक्षण, उत्पादन प्रक्रिया की निगरानी तथा प्रयोगशाला संबंधी कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी. इसके अलावा उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और निर्धारित औद्योगिक मानकों का पालन कराना भी उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल होगा

इस पद के लिए उम्मीदवार के पास अल्कोहल टेक्नोलॉजी में डिग्री या डिप्लोमा होना अनिवार्य है. ऐसे अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्हें डिस्टिलरी, पेय उद्योग या रासायनिक उत्पादन इकाइयों में कार्य करने का अनुभव हो. हालांकि, पात्रता पूरी करने वाले योग्य उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं. रॉकलैंड डिस्टिलरीज ने बताया कि चयन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी ज्ञान और कार्य अनुभव का मूल्यांकन किया जाएगा. प्रारंभिक जांच के बाद योग्य अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा और अंतिम चयन कंपनी की आवश्यकताओं तथा उम्मीदवार के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा.

केमिस्ट किसी भी डिस्टिलरी उद्योग का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है. उसकी जिम्मेदारी उत्पादन में उपयोग होने वाले कच्चे माल की गुणवत्ता की जांच करना, तैयार उत्पाद का परीक्षण करना, प्रयोगशाला रिकॉर्ड तैयार करना और गुणवत्ता संबंधी सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करना होती है. इसलिए इस पद के लिए तकनीकी दक्षता और प्रयोगशाला कार्य का अच्छा ज्ञान आवश्यक माना जाता है. चयनित उम्मीदवारों को कंपनी के नियमों के अनुसार वेतन और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी. वेतन संबंधी विस्तृत जानकारी साक्षात्कार के दौरान दी जाएगी.

प्रतिष्ठित जीवन बीमा कंपनी में मैनेजर के 10 पदों पर भर्ती

निजी क्षेत्र में करियर बनाने की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए रोजगार का अच्छा अवसर सामने आया है. जम्मू स्थित एक प्रतिष्ठित जीवन बीमा कंपनी ने मैनेजर के 10 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं. कंपनी ने ऐसे उम्मीदवारों की तलाश की है जो नेतृत्व क्षमता रखते हों और टीम के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सकें. चयनित अभ्यर्थियों को 2.50 लाख रुपये से 4.50 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक का आकर्षक वेतन पैकेज दिया जाएगा.भर्ती अधिसूचना के अनुसार, आवेदन करने वाले उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना आवश्यक है. इसके साथ ही वर्ष 2024 या उसके बाद स्नातक उत्तीर्ण करने वाले युवा सीधे आवेदन कर सकते हैं. वहीं जिन उम्मीदवारों ने इससे पहले स्नातक किया है, उनके लिए सेल्स एवं मार्केटिंग क्षेत्र में कम से कम दो वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य रखा गया है.कंपनी के अनुसार मैनेजर का मुख्य कार्य ग्राहकों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करना, बिक्री लक्ष्य हासिल करना, नई व्यावसायिक संभावनाओं की पहचान करना और टीम का प्रभावी संचालन करना होगा. इसके अलावा कंपनी की विभिन्न बीमा योजनाओं की जानकारी ग्राहकों तक पहुंचाना तथा नए ग्राहकों को जोड़ना भी जिम्मेदारियों में शामिल रहेगा.

चयन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता, संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता और कार्य अनुभव का मूल्यांकन किया जाएगा. प्रारंभिक छंटनी के बाद योग्य अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. अंतिम चयन साक्षात्कार में प्रदर्शन और कंपनी की आवश्यकताओं के आधार पर किया जाएगा.

ओपीएससी में असिस्टेंट हॉर्टिकल्चर ऑफिसर के 22 पदों पर भर्ती

28 जुलाई से आवेदन शुरू

ओडिशा लोक सेवा आयोग (ओपीएससी) ने कृषि एवं किसान सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत असिस्टेंट हॉर्टिकल्चर ऑफिसर (समूह-बी) के 22 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी है. इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी 28 जुलाई 2026 से 28 अगस्त 2026 शाम 5 बजे तक आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे

इस भर्ती के लिए अभ्यर्थी के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से बीएससी (उद्यानिकी) अथवा बीएससी (कृषि) की डिग्री होना अनिवार्य है. अभ्यर्थियों की आयु 1 जनवरी 2026 के अनुसार 21 वर्ष से 42 वर्ष के बीच होनी चाहिए. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, पूर्व सैनिकों और दिव्यांग अभ्यर्थियों को नियमानुसार आयु में छूट मिलेगी.

कुल 22 रिक्तियों में 6 सामान्य, 7 अनुसूचित जाति और 9 अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं. पूर्व सैनिकों और दिव्यांग अभ्यर्थियों को भी सरकारी नियमों के अनुसार आरक्षण का लाभ मिलेगा.चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, व्यक्तित्व परीक्षण (साक्षात्कार), दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण शामिल होंगे. लिखित परीक्षा में दो प्रश्नपत्र होंगे, प्रत्येक 100 अंकों का होगा और प्रत्येक पेपर के लिए 2 घंटे का समय मिलेगा. परीक्षा वस्तुनिष्ठ (एमसीक्यू) आधारित होगी तथा प्रत्येक गलत उत्तर पर 25 प्रतिशत नकारात्मक अंकन किया जाएगा.

साक्षात्कार 25 अंकों का होगा और अंतिम मेरिट 225 अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी. आयोग के अनुसार लिखित परीक्षा का आयोजन 27 सितंबर 2026 (संभावित) को किया जाएगा. चयनित अभ्यर्थियों को ओडिशा संशोधित वेतन नियम, 2017 के लेवल-10 के अनुसार वेतन मिलेगा. इसके साथ महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, चिकित्सा सुविधा, अवकाश, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) तथा अन्य सरकारी भत्तों का लाभ भी प्रदान किया जाएगा. अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि आवेदन करने से पहले आधिकारिक अधिसूचना का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें.